विश्व एड्स दिवस के अवसर पर रेड रिबन क�

RRC Mollam 01 Dec, 2023

आज दिनांक 1 दिसंबर 2023 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय सराहाँ में रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. संदीप शर्मा बीएमओ पच्छाद उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. अनीता ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ की गई। रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. मोल्लम डोलमा ने मुख्य अतिथि वह अन्य अतिथियों का स्वागत किया और एड्स जागरूकता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला साथ ही इस बीमारी को रोकने के लिए युवा शक्ति के योगदान और इसमें जागरूकता अभियान के लिए युवाओं को आगे आने के लिए आह्वान किया। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग,नारा लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही महाविद्यालय के छात्राओं द्वारा लघु नाटिका का मंचन कर एड्स नामक बीमारी के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया। इसके पश्चात विशिष्ट वक्ता बीएमओ डॉ. संदीप शर्मा ने विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स नामक बीमारी की बारीकियों से अवगत करवाया साथ ही इसके लक्षण और बचाव के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. राजन कौशल और प्रो. दिनेश कुमार ने भी एड्स नामक बीमारी पर प्रकाश डालकर विद्यार्थियों को जागरूक किया। कार्यक्रम में प्राचार्य अनीता ठाकुर ने विद्यार्थियों को इस बीमारी के प्रति जागरूक रहने के लिए कहा और इस संदेश को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। अंत में राष्ट्रीय गान के साथ यह कार्यक्रम समाप्त हुआ और तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर से सराहाँ बाज़ार तक जागरूकता रैली निकाली गई। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ सह आचार्य जगमोहन सिंह, डॉ. सुध्यान नेगी, प्रो. सुदेश कुमार, प्रो. रीमा शर्मा, प्रो. प्रियंका, अधीक्षक शंभूनाथ एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।